



# कोटा से 2 .41 लाख क्यूसेक डिस्चार्ज, चंबल 133 मीटर पर

**मंगलवार की दोपहर खतरे के निशान तक पहुंच सकता है जलस्तर, -चंबल किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 जुलाई ।** कोटा बैराज से सोमवार की दोपहर चंबल नदी में 2 लाख 41 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसके राजघाट पर मंगलवार की दोपहर बाद पहुंचनें की संभावना है। वहीं सोमवार की शाम को राजघाट पर चंबल का जलस्तर 133 मीटर पर था, जो खतरे के निशान 138 मीटर से पांच मीटर कम है। कोटा बैराज से हुए हैवी डिस्चार्ज के बाद मंगलवार को राजघाट पर चंबल का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचने की आशंका है। चंबल के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिले में सबलगढ़ से लेकर अंबाह तक चंबल किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है।



### उसैद घाट पर पहुंचे आगरा के डीएम, लिया स्थिति का जायजा

कोटा बैराज से हैवी डिस्चार्ज की सूचना मिलने के बाद यूपी के आगरा जिले के डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी सोमवार की दोपहर चंबल नदी के उसैद-पिनाहट घाट पर पहुंचें। उनके साथ उप जिलाधिकारी बाह हेमंत कुमार समेत राजस्व की टीम भी थी। उन्होंने घाट पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नदी के समीपस्थ गांवों में 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। वहीं जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण उसैद-पिनाहट घाट पर स्टीमर के संचालन को एक बार फिर से बंद कर दिया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार दयानंद पौरुष, एसीपी पिनाहट वीरेंद्र दुबे, एसडीओ नहर विभाग परवेज हसन आदि मौजूद रहे।

### भानपुर पहुंचे कलेक्टर-एसपी, सेफ हाऊस न बनाने पर पटवारी निलंबित



ग्राम भानपुर में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ सोमवार को चंबल नदी के जलस्तर को देखने के लिए पहुंचें। उन्होंने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाई गई। कलेक्टर ने ग्रामीणों को चंबल नदी के उफनने की जानकारी दी। तब ग्रामीणों ने पटवारी द्वारा सचेत न किए जाने की बात कही और सेफ हाऊस न बनवाने की बात कही। जिसे लेकर कलेक्टर ने पटवारी शैलेन्द्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर-एसपी ने सोमवार को अंबाह ब्लॉक के भागना गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि क्वारी नदी के जलस्तर को ध्यान में रखते हुए अपनी सुरक्षा बरकरार बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष इस गांव में डेंगू फैला था, इसलिए ग्रामीणों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इनके साथ एसडीएम अम्बाह रामनिवास सिकरवार उपस्थित थे।

# नगर निगम में भ्रष्टाचार, खाद न मिलने से किसान परेशान : कांग्रेस

**जिला कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन, कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 जुलाई ।** नगर निगम मुरैना के मुख्य मार्गों सहित तमाम वार्डों में सड़कें खुदी हुई पड़ी हैं। शहरभर में गदंगी पसरी हुई है। बरसात के दिनों में सड़कों पर पानी भरने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं महापौर और नगर निगम आयुक्त कमीशनखोरी में मस्त है। भ्रष्टाचार के दलदल में पूरा नगर निगम डूबा हुआ है। उधर दूसरी ओर यूरिया खाद के लिए अन्नदाता दर-दर भटकने पर मजबूर है। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से खाद कारोबारियों द्वारा ऊंचें दामों पर यूरिया की कालाबाजारी की जा रही है।






यह बातें कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को धरना आंदोलन को संबोधित करते हुए कहीं। जिला कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में धरना आंदोलन का आयोजन नगर निगम दफ्तर के बाहर किया गया था। जिसमें किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधायक सत्यपाल सिकरवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। धरना आंदोलन के बाद कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचें, जहां प्रदर्शन करने के बाद कलेक्टर के नाम एसडीएम को नगर निगम मुरैना से जुड़ी समस्याओं के निदान को लेकर और किसानों की समस्याओं को लेकर दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए।

प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने वालों में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेंद्र डंगस, जसवीर गुर्जर, रिंकू मावई, उदयवीर सिकरवार, राजेन्द्र यादव, नजमा बेगम, मंजू सिकरवार, हरीश पाठक, रामू टुंडेलकर, दीपक सोलंकी, रघुवीर शर्मा, बंगाली जाटव, आकाश बाथम, आशा बेपुरिया आदि शामिल थे।

### जानिए : दोनों ज्ञापनों में क्या रहीं कांग्रेस की मांगें, क्या आरोप

- वरिष्ठ अधिकारी, भाजपा नेताओं के बंगलों पर सेवाएं दे रहे ननि कर्मचारी
- ननि में आऊटसोर्स नियुक्तियों में लाखों रूपये का भ्रष्टाचार, जांच हो।
- बस स्टैंड वसूली का ठेका नहीं, महापौर, आयुक्त की मिलीभगत से हो रही अवैध वसूली।
- टोलप्लाजा से 22 करोड़ मिले, जिसका शहर विकास में उपयोग न कर बंदरबांट कर लिया गया।
- किसान खाद को परेशान, भाजपा नेता, अधिकारियों की मिलीभगत से हो रही कालाबाजारी
- बिजली कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने में लाखों रूपये का घोटाला
- भारी बारिश, तूफान से मुरैना विस के महटौली सहित अन्य गांवों में हुए नुकसान का पीड़ितों का अब तक नहीं मिला मुआवजा

# सी-डी ग्रेड वाले अगली टीएल तक सीएम हेल्पलाईन सुधारें

**सीएमओ कैलारस का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 जुलाई ।** जो विभाग डी और सी ग्रेड में सीएम हेल्पलाइन में आयें है, वे विभाग अगली टीएल तक अपनी सीएम हेल्पलाइन में सुधार लायें। अन्यथा उनके खिलाफसख्त कार्यवाही की जायेगी।



यह निर्देश कलेक्टर ने टीएल बैठक के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में सोमवार को समस्त जिला अधिकारियों को दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, आयुक्त नगर निगम सत्येन्द्र धाकरे, समस्त एसडीएमए संयुक्त कलेक्टर सहित समस्त जिला अधिकारीए तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर रहे थे, इस दौरान कैलारस के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैठक से बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये। इसलिए सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा नहीं हो सकी। इस पर कलेक्टर ने सीएमओ कैलारस श्री भदौरिया का 03 दिन का वेतन काटने के निर्देश पीओ डूडा को दिये। कलेक्टर ने मुरैना जिले का ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य कराने हेतु समस्त अधिकारीए समस्त कर्मचारी मोबाईल फोन में एसएसजी-2025 एप डाउनलोड कर सिटीजन फीडबेक दिलवाने के निर्देश समस्त विभाग प्रमुख को दिए।

# नपा जौरा की पीआईसी बैठक में विकास से जुड़े प्रस्ताव पारित

**अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 28 जुलाई ।** नगर पालिका परिषद जौरा की प्रेसिडेंट इन काउंसिल बैठक का आयोजन सोमवार को हुआ। बैठक की अध्यक्षता नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने की। संचालन सीएमओ वीरेन्द्र सिंह रावत ने किया।



इस बैठक में नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा उपरांत विभिन्न बिंदुओं को सर्व सम्मति से पारित किया गया। जिनमें नवीन बस स्टैंड परिसर स्थित नवनिर्मित दुकानों एवं हॉल की नीलामी किए जाने, होर्डिंग शुल्क वसूली हेतु दर निर्धारण किए जाने, वार्ड-5 में मई वाले कुआं के पास स्थित दुकान की नीलामी, वाटरवर्क्स कॉलोनी में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने संचित निधि से व्यय की स्वीकृति और विभागीय पदोन्नति से संबंधित प्रकरणों को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में अध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने कहा कि इन दिनों हो रही अतिवर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त न हो, इसके लिए नगरपालिका कर्मचारी अपने कर्तव्यों के निवर्हन के लिए अलर्ट मोड पर रहें। उन्होंने कर्मचारियों से स्वच्छता अभियान को तेजी से चलाए जाने की बात कही। बैठक में पीआईसी के सदस्य शिवदयाल सिंह गौर, सुरक्षा दामोदर जाटव, कालिन्द्री सुभाष शर्मा, रंजना रवीन्द्र त्यागी, संगीता अनिल सोनी, कदम सिंह कुशवाह और वीरबल जाटव उपस्थित थे।

# टिकटौली दूमदार में हुआ शांतिनाथ विधान, पौधे रोपे



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 28 जुलाई ।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा महासभा जौरा के तत्वावधान में सोमवार को अतिशय जैन तीर्थ क्षेत्र टिकटौली दूमदार में शांति विधान का आयोजन किया गया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे भी रोपे गए। इस कार्यक्रम में जौरा के पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जवाहरमल जैन विशेष अतिथि बतौर उपस्थित रहे। विकास जैन विक्की ने बताया कि प्रकृति संरक्षण दिवस के मौके पर विश्व शांति की कामना और पर्यावरण संरक्षण के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान तीर्थ क्षेत्र परिसर में फलदार, छायादार सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर सौभाग्यमल जैन, अमन जैन, रजत जैन, सागर जैन, विपिन जैन, शुभम जैन, गौरव जैन, अंतिम जैन, अंकुर जैन, विकास जैन, गयाप्रसाद जैन, रवि जैन आदि उपस्थित थे।

# नशे से व्यक्ति का परिवार व सामाजिक जीवन होता है बर्बाद

**ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र पोरसा में नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 28 जुलाई ।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के पोरसा कस्बे में सब्जी मंडी रोड स्थित सेवा केन्द्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निरीक्षक रामनरेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम में नगर निरीक्षक श्री यादव ने सेवा केन्द्र के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि नशा मुक्ति के लिए इस प्रकार के आयोजन होने से निश्चित ही समाज से नशे जैसी सामाजिक बुराई का अंत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, नशे के सेवन से परिवार और समाज दोनों को नुकसान पहुंचता है। कार्यक्रम में बिजली कंपनी पोरसा के प्रबंधक इंद्रेश शर्मा ने कहा कि नशे की लत में पड़े व्यक्ति के स्वयं पीड़ित होने के साथ उसके परिवार को भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सेवाकेन्द्र प्रभारी कृष्णा दीदी ने ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में बिजली कंपनी के सहायक प्रबंधक विवेक प्रताप सिंह भदौरिया भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

# सुमावली के युवक की गोवर्धन के राधा कुंड में डूबने से मौत


**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 जुलाई ।** सुमावली से दोस्तों के साथ गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा लगाने गए एक युवक की गोवर्धन क्षेत्र स्थित राधा कुंड में डूबने से मौत हो गई। मौके पर तैनात एसडीआरएफ के जवानों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक के शव को बाहर निकाल लिया। जिसे सुमावली लाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सुमावली गांव में रहने वाला देवेन्द्र गोस्वामी 18 पुत्र बंटी गोस्वामी रविवार को अपने दोस्तों के साथ मथुरा जिले में स्थित गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा लगाने गया था। परिक्रमा के दौरान देवेन्द्र राधा कुंड में स्नान करने उतरा था, तभी गहरे पानी में डूब गया। मौके पर मौजूद उसके दोस्तों ने तत्काल एसडीआरएफ के जवानों को बताया। जवानों ने करीब एक घंटे की मशक्कत करने के बाद एसडीआरएफ के जवानों ने देवेन्द्र को पानी से बाहर निकाला। तब तक देवेन्द्र की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने के बाद देवेन्द्र के परिजन गोवर्धन पहुंच गए थे।

# पेंशनर्स के हित में धारा-49 (6) तत्काल विलोपित की जाए : दुबे

**प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांत सह मंत्री की सरकार से मांग**



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 28 जुलाई ।** मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को डीए और आरए के भुगतान में बाधा बन रही मप्र पुर्नगठन अधिनियम-2000 की धारा-49(6) को विलोपित करने के प्रस्ताव को मप्र विधानसभा में पारित करने के बाद सरकार को केन्द्र सरकार की ओर भेजा जाना चाहिए। जिससे पेंशनर्स को उनका हक प्राप्त हो सके।

यह मांग प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सह मंत्री इंजीनियर विनोद कुमार दुबे ने मप्र सरकार से की है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में इंजी. दुबे ने कहा है कि धारा-49(6) के तहत कर्मचारियों के पेंशन संबंधी दायित्वों के लिए मप्र एवं छत्तीसगढ़ राज्यों की सहमति जरूरी होने से पेंशनर्स को समय पर डीए और आरए का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से वरिष्ठ नागरिकों को जीवन-यापन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

यही वजह है कि पेंशनर्स का पूर्व का 32 माह एवं 27 माह के एरियर की राशि का भुगतान लंबित है। इंजी. दुबे ने मप्र सरकार से राज्य के पेंशनर्स के हित में उपरोक्त धारा को विलोपित करने का प्रस्ताव विधानसभा में पारित कर केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय की ओर भेजने की मांग की है।



# इनर व्हील क्लब के कार्यक्रम में हुईं रंगारंग गतिविधियां

**हरियाली तीज के मौके पर हुआ आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 जुलाई ।** इनर व्हील क्लब मुरैना के तत्वावधान में हरियाली तीज के मौके पर रविवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन नारी शक्ति के सौंदर्य, उत्साह और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्षा श्रीमती श्वेता महेश्वरी ने की। संचालन क्लब सचिव श्रीमती साक्षी गोयल ने किया। इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ सदस्यों डॉ. हेमा सिंघल, डॉ. सुधा माहेश्वरी, डॉ. मीरा प्रेमी, डॉ. दीक्षा गुप्ता, श्रीमती अनुभा माहेश्वरी, डॉ. सरोज गुप्ता, श्रीमती पूजा मोदी, श्रीमती रंजीता शिवहरे, श्रीमती राधिका, जागृति, रचना, सुमन भदौरिया, अंजली, अनीता, सीमा बत्रा, निशा, संगीता, मीनाक्षी, रुचि, शालू, नीरज गुप्ता, प्रतीक्षा बांदिल आदि उपस्थित थे। आयोजन के दौरान हाऊजी गेम्स, नृत्य, मेहंदी सहित विविध रंगारंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। पारंपरिक परिधानों में सजधज कर हरियाली तीज के उल्लास को जीवंत कर दिया। इनर व्हील क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों की भी जानकारी साझा की गई। इस मौके पर बीते रोज पितृवन में 50 पौधों का रोपण किया गया। क्लब की कोषाध्यक्ष अंजलि जैन ने आभार प्रदर्शन किया गया।